

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**नोरा फतेही की कार का हुआ जोरदार एक्सीडेंट**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 242 ■ मंगलवार 23 दिसंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# टीओके का शिवसेना में विलय!

## शिवसेना के चिन्ह पर लड़ेंगे कालानी के उम्मीदवार

## नपा चुनाव नतीजों के बाद महायुति के संकेत

- महायुति में बढ़ेगी शिवसेना की माथापच्ची
- टीओके-साई पक्ष के उम्मीदवारों की चढ़ेगी बलि
- सत्ता के लिए किया टीओके व साई पक्ष से गठबंधन
- आज से भरे जाएंगे नामांकन पत्र

**उल्हासनगर.** अंबरनाथ व बदलापुर नपा चुनाव के नतीजों ने उल्हासनगर की राजनीति को भी हिला दिया है क्योंकि इन दोनों शहरों में वर्षों पुराने राज करने वाले म्हात्रे व वालेकर को हार का सामना करना पड़ा और भाजपा ने दोनों शहरों में शिवसेना को शिकस्त दी है। ऐसे में अब 15 जनवरी को होने वाले उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव हेतु महायुति का आपसी गठबंधन इसी पर निर्भर है कि कालानी को युति में लिया जाएगा या नहीं। भाजपा ने पहले से ही कह दिया है कि टीओके महायुति में मंजूर नहीं और अगर विलय होता है तो युति धर्म निभाएंगे।




ज्ञात हो कि आज 23 दिसंबर से मनपा चुनाव की पहली प्रक्रिया शुरू हो रही है इसके अंतर्गत आज उम्मीदवारों को नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 30 दिसंबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। लेकिन अब तक किसी भी पक्ष ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। भाजपा, शिवसेना व राकांपा महायुति की आपसी चुनावी बैठक अब तक शुरू भी नहीं हुई है। महायुति की रणनीति पर ही महाविकास आघाड़ी की रणनीति तय होगी। ऐसे में पूर्व नगरसेवकों व नए उम्मीदवारों की टेंशन भर गई है कि वो चुनाव की तैयारियां किस चिन्ह पर शुरू करें क्योंकि किसी के टिकट फाइनल की घोषणा भी नहीं हो रही है।

शिवसेना मनपा में सत्ता पाने के लिए टीओके व साई पक्ष के साथ गठबंधन कर चुकी है लेकिन उनका राज्य स्तरीय गठबंधन भाजपा से है। ऐसे में खबर मिली है कि कालानी की टीम का शिवसेना में विलय होगा और टीओके के सभी उम्मीदवार शिवसेना के धनुष बाण के चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे ऐसा समझा जा सकता है। शिवसेना अपना नंबर बढ़ाने के लिए टीओके व साई पक्ष को भी धनुष बाण चिन्ह पर चुनाव मैदान में उतार सकती है। वहीं जिन वार्डों में भाजपा, टीओके व साईं पक्ष के पूर्व नगरसेवक मैदान में हैं उनके सीट बंटवारे को लेकर ही बैठकें हो सकती है। शिवसेना के फिक्स वार्ड में सिर्फ विरोधी पक्ष की नजरें हैं। शिवसेना के लिए टीओके व साईं पक्ष में सीट बंटवारे को लेकर माथापच्ची करनी है। उसके बाद ही भाजपा के साथ महायुति की घोषणा होगी। नपा चुनाव में शिकस्त के बाद अब शिवसेना भी भाजपा की ओर गठबंधन का हाथ बढ़ा रही है। क्योंकि इससे दोनों पक्षों का नुकसान हो रहा है। विरोधी पक्ष कांग्रेस, शिवसेना उबाठा, मनसे, प्रजा कृपा पार्टी के बीच भी आघाडी युति पर ही निर्भर है।

### राकांपा इस चुनाव में उभरेगी

महायुति में शामिल राकांपा अजित पवार गुट इस चुनाव में उभरकर सामने आएगी और निर्णायक भूमिका में देखी जा सकती है क्योंकि अगर महायुति का आपसी गठबंधन होता है या नहीं बावजूद इच्छुक उम्मीदवारों की पहली पसंद राकांपा की होगी। राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री ने कहा कि हमारी घड़ी ही शहर का समय बदल सकती है। कुर्सी की लड़ाई उन्हें करने दो हम शहर विकास की लड़ाई लड़ेंगे और शहर के युवा व नए चेहरों को उम्मीदवारी देंगे। राकांपा शहर में अकेले चुनाव लड़ने के मूड में है।

प्रभाग निहाय विश्लेषण...

# पैनल-1 में भाजपा-सेना का किला ढहेगा!




## समस्याओं से ग्रस्त है पैनल

| पैनल 1 | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 23,512 |
| पुरुष मतदाता | 12,794 |
| महिला मतदाता | 10,714 |

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है। मनपा क्षेत्र में कुल 78 वार्डों के 20 पैनल बनाए गए हैं।

सभी पैनल कई समस्याओं से ग्रस्त जिसमें हर पैनल में प्रमुख समस्या खराब सड़कें, पानी की किल्लत, साफ सफाई कचरे की समस्या, धोकादायक इमारतों का मुद्दा, ट्रैफिक, अवैध निर्माण समस्या जैसे मूलभूत सुविधा से शहर वंचित है और इन्हीं प्रमुख मुद्दों पर चुनाव प्रचार देखने को मिलेगा। ऐसे में हमने सभी पैनलों का विश्लेषण संक्षिप्त में किया है और यहां लोगों को पूर्व नगरसेवक ही चाहिए या कोई नया युवा नेता।

उल्हासनगर-1 स्थित इस पैनल में चार वार्डों का समावेश हैं जिसमें कमला नेहरू नगर धोबीघाट, शहाड गांवठाण, हनुमान नगर, तानाजी नगर, अमर डाय व आयडीआय कंपनी परिसर गुलशन नगर, सेंचुरी रेयान कॉलोनी, ए ब्लाक, टिलक नगर, इंदिरा नगर आदि का समावेश है।

2017 के चुनाव में यहां अ) अर्चना करंकाळे-भाजपा ब) पूजा भोईर-भाजपा क) जयश्री पाटील-भाजपा ड) ज्योती गायकवाड-शिवसेना नगरसेविका रह चुकी है। चारों महिलाओं का कब्जा यहां था अब नए आरक्षण में यहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महिला, ओबीसी व जनरल महिला तय हुआ है। इस पैनल में उत्तर भारतीय, मराठी व मुस्लिम समाज के ज्यादातर मतदाता रहते हैं।

इस पैनल में तीन सीट भाजपा और एक सीट शिवसेना के पास है। ऐसे में क्या भाजपा के इस किले को ढहने की हिम्मत करने युवा व नए उम्मीदवार जो प्रयास कर रहे हैं वो मैदान में बाजी मारेंगे क्योंकि यहां से फिलहाल किसी भी पक्ष ने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं पूर्व नगरसेविकाएं तो रेस में हैं ही लेकिन कुछ नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे।

# बोगस वोटिंग के लिए लाए गए 181 लोगों पर अपराध दर्ज

- कृष्णा मैरिज हॉल से पुलिस ने लिया था हिरासत में



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव में बोगस वोटिंग करने के लिए लाई गई लगभग 175 महिलाएं एवं अन्य को मिलाकर कुल 181 लोगों पर अंबरनाथ पुलिस ने कई कलमों के अनुसार अपराध पंजीकृत किया है. कृष्णा हॉल के मालिक कृष्णा पाटिल एवं प्रभाग क्र. 2 अ के उम्मीदवार रोहन कृष्णा रसाल ने आरोपी जाकिर भाई मिर्जा, साकिब, सादिब और मेहराज सभी निवासी भिवंडी की मदद से 20 दिसंबर को होने वाले अंबरनाथ नपा चुनाव में अंबरनाथ के निवासी न होते हुए भी भिवंडी के रहनेवाले महिला एवं पुरुष के मतदाता सूची में नाम नहीं होते हुए भी अंबरनाथ नगर पालिका चुनाव में मतदान करने के लिए बोगस वोटिंग करने के उद्देश्य से गैरकानूनी तरीके से अंबरनाथ लाकर चुनाव आचार संहिता के नियमों का भंग किया है. ऐसा अपराध में दर्ज किया गया है.

मतदान पर गैर तरीके से प्रभाव डालने के लिए सार्वजनिक जगह पर अंबरनाथ नगर परिषद की हद में बाहर से लोगों का आयात करके सार्वजनिक ठिकाने पर गरदी करके गुनाह किया है. ऐसा मामला पुलिस ने दर्ज किया है. 181 लोगों पर दफा 189 (2), 189 (6), 189 (7), 190, 223, 174 सह महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 के कलम 371 (1) 135 के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है. मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक थोरात कर रहे हैं.

# महानगर पालिका चुनाव की तैयारियों में तेज़ी

- मनपा आयुक्त ने चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा
- कमिश्नर आव्हाले ने दिए साफ़ निर्देश



**उल्हासनगर.** प्रशासन ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के आम चुनाव 2025-26 के लिए 'ज़ीरो एरर' रखने का फ़ैसला किया है और चुनाव सिस्टम को पूरी तरह से तैयार करने के लिए सीधे फ़ील्ड में जाकर तैयारी की जा रही है।

चुनाव प्रक्रिया बिना किसी गलती के, ट्रांसपेरेंट तरीके से और डेमोक्रेटिक वैल्यूज़ के हिसाब से हो, यह पक्का करने के लिए इलेक्शन ऑफ़िसर और कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने शहर के अलग-अलग इलेक्शन ऑफ़िस का खुद इंस्पेक्शन किया और प्रशासन को पक्के और साफ़ निर्देश दिए।

उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन आम चुनाव 2025-26 के सिलसिले में, इलेक्शन ऑफ़िसर और कमिश्नर मनीषा आव्हाले (B.P.S.) ने एडिशनल कमिश्नर किशोर गवस के साथ शहर के अलग-अलग इलेक्शन से जुड़े ऑफ़िस का दौरा करके इलेक्शन के काम का डिटेल में रिव्यू किया। इस इंस्पेक्शन दौरे के दौरान गोल मैदान में इलेक्शन डिसीजन ऑफिसर का ऑफिस, सिंधु भवन, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अभ्यासिका, उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन स्कूल नंबर 14, साथ ही तहसीलदार ऑफिस और प्रोविंशियल ऑफिस का बारीकी से इंस्पेक्शन किया गया। हर जगह इलेक्शन प्रोसेस के लिए बनाई गई सुविधाओं का बारीकी से इंस्पेक्शन किया गया।

इस दौरान, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मीटिंग अरेंजमेंट, कैटरिंग की सुविधा, बिना रुकावट बिजली सप्लाई, स्टेशनरी और कंप्यूटर मटीरियल, इंटरनेट और वाई-फाई की सुविधा, ऑफिस की पेंटिंग, साफ-सफाई, पीने के पानी की सुविधा और ऑफिस के बाहर पार्किंग अरेंजमेंट का डिटेल में इंस्पेक्शन किया गया। कमिश्नर ने संबंधित एजेंसियों को साफ निर्देश दिए कि इलेक्शन प्रोसेस में किसी भी तरह की दिक्कत से बचने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं समय पर और काफी मात्रा में दी जाएं।

### स्ट्रांग रूम का भी किया इंस्पेक्शन

मनपा आयुक्त ने पवई चौक, उल्हासनगर-3 में प्रोविंशियल ऑफिस में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम का भी इंस्पेक्शन किया। इस स्ट्रांग रूम का काम तुरंत पूरा करने और तय समय के अंदर इसे इलेक्शन में इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार रखने के आदेश दिए गए। सभी अधिकारी और कर्मचारी इलेक्शन पीरियड के दौरान अपने काम को कोऑर्डिनेट करें। इस समय यह भी साफ़ निर्देश दिए गए कि चुनाव प्रक्रिया शांति, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ होनी चाहिए।

# मतदाताओं ने म्हात्रे, वालेकर के परिवारवाद को नकारा



**दोनों परिवारों के 5 उम्मीदवार हारे**



**बदलापुर.** शिवसेना शहर प्रमुख वामन म्हात्रे को बदलापुर नगर निगम चुनाव में बड़ा झटका लगा। अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ चुनाव लड़ रहे वामन म्हात्रे तो चुनाव जीत गए, लेकिन उनके परिवार के तीन सदस्यों को हार का झटका लगा। अंबरनाथ में वालेकर परिवार के दो सदस्यों को हार का सामना करना पड़ा।

बदलापुर में वामन म्हात्रे खुद नगरसेवक पद के उम्मीदवार थे, जबकि उनकी पत्नी नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार थीं। वामन म्हात्रे के बेटे वरुण म्हात्रे और उनके ही परिवार के भतीजे भावेश म्हात्रे चुनाव हार गए। वामन म्हात्रे के भाई तुकाराम म्हात्रे और उनकी साली उषा म्हात्रे जीत गईं।

एक ही परिवार के छह सदस्यों के उम्मीदवार बनाए जाने से बदलापुर में म्हात्रे के परिवारवाद की खूब चर्चा हुई। बदलापुर के लोगों ने म्हात्रे के परिवारवाद राज को नकार दिया। अंबरनाथ में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। वालेकर परिवार के तीन सदस्य चुनाव मैदान में थे। उनमें से नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार मनीषा वलेकर और उनके बेटे निखिल वलेकर हार गए।

# अंबरनाथ चुनाव में 21 पूर्व नगरसेवक हारे

- विकास हेमराज सबसे कम 6 वोटों से चुनाव जीते
- सबसे ज्यादा वोट से कबीर गायकवाड़ जीते

अंबरनाथ. अंबरनाथ नगर पालिका में रोचक मुकाबला प्रभाग क्र. 10 में शिवसेना एवं भाजपा के बीच रहा है. 29 प्रभाग के 59 उम्मीदवारों में से इस प्रभाग के शिवसेना उम्मीदवार विकास हेमराज केवल 6 वोटों से जीत गए हैं. भाजपा के अनिल गायकवाड़ को उन्होंने 6 वोटों से हराया है. विकास को 1218, तो अनिल को 1212 वोट मिले हैं. इस चुनाव में सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से कबीर नरेश गायकवाड़ जीते हैं. उन्हें 3418 वोट प्राप्त हुए हैं. उनके मुकाबले शिवसेना उम्मीदवार यश अजय जाधव को 813 वोट मिले हैं. कबीर ने 2605 वोटों से ये मुकाबला जीता है. शहर में सबसे ज्यादा वोट शिवसेना के शैलेश भोईर को प्राप्त हुए हैं. उन्हें 4793 वोट मिले हैं.

पूर्व नगरसेवकों में वंदना पाटिल, मुक्कू लेनिन, सुनिल सोनी, एड. वृषाली पाटिल, उमेश गुंजाल, कनिज फातिमा, सावित्री गुप्ता, याकूब सय्यद, ब्रिजवाल जैसवाल, श्रुति सुरेश सिंह, संदीप लोटे, विलास जोशी, निखिल वालेकर, सुरेंद्र यादव (उर्मिला देवी), सुभाष सालुंखे पत्नी सुवर्णा, राजेश शिर्के, पन्ना वारिंगे, रविंद्र चाहू पाटिल, अनिता संजय अदक, कल्पना अशोक गुंजाल, सपना शशांक गायकवाड़ चुनाव हार गए हैं. खास बात ये रही कि नगराध्यक्ष की उम्मीदवार अश्विनी पाटिल नगराध्यक्ष के साथ नगरसेवक पद का चुनाव भी हार गई हैं.

# लेडीज़ सैंडल में मिला MD ड्रग्स



**उल्हासनगर.** विट्ठलवाड़ी पुलिस ने एक ऐसे आदमी को पकड़ा है जो चालाकी से सैंडल पैक करके पुलिस को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने लेडीज़ सैंडल की हील में चालाकी से छिपाई गई 7 लाख 26 हज़ार रुपये की MD ज़ब्त की है और आरोपी इस्माइल अब्बासी (55) को गिरफ्तार किया है। पुलिस की चौकस पेट्रोलिंग की वजह से यह बड़ा ऑपरेशन हुआ है।

जब विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का स्टाफ रेगुलर पेट्रोलिंग पर था, तो उन्होंने VTC ग्राउंड एरिया में एक संदिग्ध आदमी को खड़ा देखा। जब उन्होंने संदिग्ध को रोका और पंचों के सामने उससे पूछताछ की, तो उसने अपना नाम इस्माइल मोहम्मद शफी अब्बासी बताया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके बैग में लेडीज़ सैंडल की एक जोड़ी मिली। सैंडल की हील की अच्छी तरह से तलाशी लेने पर पुलिस को 36.300 ग्राम MD ड्रग्स मिला, जिसकी मार्केट में कीमत 7,26,000 रुपये है।






# लातूर से मुंबई का सफ़र सिर्फ़ साढ़े 5 घंटे में!

## कोंकण-मराठवाड़ा को सीधे जोड़ने वाले हाई-स्पीड हाईवे को मंज़ूरी

**मुंबई.** राज्य सरकार ने हाल ही में कोंकण को मराठवाड़ा से जोड़ने वाले 442 km लंबे लातूर-बदलापुर डेडिकेटेड हाई-स्पीड हाईवे को मंज़ूरी दी है, जिससे मराठवाड़ा इलाके को बहुत फ़ायदा होगा। इस बड़े प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 35,000 करोड़ है। इसके पूरा होने पर, मराठवाड़ा की एजुकेशनल कैपिटल लातूर और मुंबई के बीच की दूरी 8-9 घंटे से घटकर सिर्फ़ साढ़े पाँच घंटे रह जाएगी। इस हाईवे की सबसे खास बात मशहूर मालशेज घाट इलाके में बनने वाली 8 km लंबी टनल है, जो खासकर मॉनसून के दौरान ट्रैफिक जाम और ज़्यादा समय लेने वाले सफ़र से छुटकारा दिलाने में असरदार होगी। डेवलपमेंट और मॉडर्न सुविधाओं के नेटवर्क के तौर पर यह प्रोजेक्ट नई इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा देगा। माल ढुलाई और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक लॉजिस्टिक पार्क का भी प्रस्ताव है। इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। रोज़गार के नए मौके मिलेंगे। ठाणे ज़िले के बदलापुर और मुंबई को मराठवाड़ा से जोड़ने वाला यह हाईवे किसानों, व्यापारियों और एंटरप्रेन्योर्स के लिए बहुत फ़ायदेमंद होगा। लातूर-मालशेज-म्हशा-बोराडपाड़ा रूट से गुज़रने वाला यह 442 km लंबा हाईवे यात्रा के समय को काफ़ी कम कर देगा। यह हाईवे अहिल्या नगर, बीड, मंजरसुवा और अंबाजोगाई होते हुए सीधे लातूर पहुंचेगा और कर्नाटक तक यात्रा को भी आसान बनाएगा।

# अंबरनाथ नपा चुनाव में मुस्लिम समाज को लगा जोरदार झटका

- मुस्लिम जमात के 6 ट्रस्टियों का एक भी उम्मीदवार नहीं जीता

⏭ यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव 2025 में मुस्लिम समाज को जोरदार झटका लगा है. 40 से 50 हजार मुस्लिम जनसंख्या का दावा करने वालों को केवल एक मुस्लिम सीट मिली है. मुस्लिम जमात अंबरनाथ के 6 ट्रस्टियों ने अपने रिश्तेदारों को चुनाव में खड़ा किया था, जिसमें से एक को भी सफलता नहीं मिली है. जमात के अध्यक्ष हाजी सलीम चौधरी की भतीजी कशाफ कादर चौधरी जो कि शिवसेना से उम्मीदवार थी, उनकी हार हुई है. दूसरे ट्रस्टी डॉ. जुबेर शाह की पत्नी डॉ. ऐमन शाह भी शिवसेना की उम्मीदवार थी. उनको वोट ठीक-ठाक मिले हैं, लेकिन वह जीत नहीं सकी. इसी तरह ट्रस्टी बिस्मिल्ला शेख जो कि कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक हैं, उनकी बेटी सीद्रा शेख जो कि कांग्रेस की उम्मीदवार थी, उनकी भी हार हुई है और एक जमात के ट्रस्टी यूसुफ का. शेख की पत्नी जरीना शेख जो कि निर्दलीय उम्मीदवार थी, हार गई है. पांचवे ट्रस्टी अरबाज कुरैशी की माता लायका कुरैशी राकांपा की उम्मीदवार थी, उनकी भी जीत नहीं हो सकी. छठे ट्रस्टी सिकंदर पटेल के भाई हैदर पटेल भी राकांपा के उम्मीदवार थे, चुनाव हार गए हैं. केवल एक मुस्लिम उम्मीदवार शिवसेना के अब्दुल भाई शेख विजयी हुए हैं. अब्दुल शेख ने पक्ष एवं अपने बलबूते पर विजया का झंडा गाड़ा है.

विदित हो कि शहर पश्चिम में विभिन्न प्रभाग से ये उम्मीदवार थे. इसी के साथ पूर्व नगरसेवक याकूब सय्यद (शिवसेना) एवं और भी कई मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव हार गए हैं.

मुस्लिम जमात एवं मुस्लिम समाज को इसकी चिंतन की जरूरत है. ऐसी चर्चा मुस्लिम समाज में हो रही है एवं मुस्लिम सोशल मीडिया पर इस बारे में जोरदार चर्चा हो रही है.




जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## तनाव से गुजर रहे हैं पायलट?

यह किसी भी सार्वजनिक जगह पर एक सामान्य अपेक्षा है कि लोग नागरिक बोध और संवेदनशीलता का परिचय दें और दूसरों का भी खयाल रखें। मगर हवाईअड्डे जैसी जगह पर कोई पायलट अगर खुद ही सुरक्षा जांच पंक्ति तोड़ने की ओर ध्यान दिलाए जाने पर बेकाबू और हिंसक हो जाए, तो यह एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति है।

गौरतलब है कि दिल्ली हवाईअड्डे पर छोटा बच्चा साथ होने की वजह से एक यात्री और उसके परिवार को कर्मचारियों के लिए निर्धारित सुरक्षा जांच गेट से जाने को कहा गया था। मगर वहां कुछ कर्मचारी आगे निकलने की होड़ में थे।

खबर के मुताबिक, जब यात्री ने ऐसा करने पर टोका तो एक व्यक्ति ने उससे बदतमीजी की और उस पर हमला कर दिया। विडंबना यह है कि अपना आपा खोकर यात्री पर हमला करने वाला व्यक्ति पायलट है, जो उस वक्त ड्यूटी पर नहीं था।

सवाल है कि सुरक्षा-व्यवस्था के लिहाज से संवेदनशील मानी जाने वाली हवाईअड्डे जैसी जगह पर ऐसा कैसे संभव हुआ।

यह सही है कि घटना के वक्त हमलावर हो जाने वाला पायलट उस वक्त ड्यूटी पर नहीं था, लेकिन उससे किस तरह के बर्ताव की उम्मीद की जाती है। अगर विमान में कभी बेहद विषम और उथल-पुथल से भरे हालात पैदा हो जाएं, तो ऐसे में भी ड्यूटी पर मौजूद पायलट को शांति और धीरज से काम लेना पड़ता है, परेशान यात्रियों की बातों को सुनना और उन्हें समझाना होता है।

संभवतः यह पक्ष पायलट बनने के प्रशिक्षण में भी शामिल होगा। हैरानी की बात है कि एक मामूली बात पर ऐसा व्यक्ति नाहक ही हिंसक हो गया, जो खुद पायलट है और विमान उड़ाने जैसी बेहद संवेदनशील जिम्मेदारी भी निभाता है।

घटना सामने आने के बाद संबंधित पायलट को ड्यूटी से हटा देने की खबर आई। मगर इस पहलू पर भी विचार करने की जरूरत है कि पायलट और विमानन कंपनियों से जुड़े कर्मचारी अव्यवस्था के बीच क्या किसी तरह के दबाव और तनाव से गुजर रहे हैं और ऐसे में कई बार आपा भी खो रहे हैं! हाल के दिनों में विमानों की उड़ान में जिस तरह की व्यापक अव्यवस्था देखी गई, उसमें यह वाकया एक और नकारात्मक संदेश देता है।

# विचार : विश्व की दिशा परिवर्तन का वर्ष

विश्व आर्थिक मंच, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, राजनयिक और विश्लेषक वर्ष 2025 को दुनिया की दिशा बदलने वाले वर्ष के रूप में परिभाषित कर रहे हैं। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की नाटकीय टैरिफ नीति, वैश्विक समीकरणों और व्यवस्थागत नियमों में हुई ऐसी उथल-पुथल है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद से चली आ रही विश्व व्यवस्था में पहले कभी नहीं देखी गई।

वैश्वीकरण के दौर में विश्व व्यापार बढ़कर 40 गुना से अधिक हो गया था जिसके कारण दुनिया के एक अरब से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकल सके, लेकिन इस दौर में उद्योग-धंधे अमेरिका और यूरोप छोड़कर एशियाई देशों में चले गए, जहां कच्चा माल और मजदूरी सस्ती थी। इससे अमेरिका और यूरोप में कामगार बेरोजगार हुए और व्यापार घाटे भी बढ़े। ट्रंप इसी प्रक्रिया को पलटने के वादे पर चुनाव जीते थे। इसलिए उन्होंने सत्ता संभालते ही कुछ देशों पर भारी टैरिफ लगाने के साथ-साथ छोटे-बड़े सभी देशों पर टैरिफ लगा दिए। इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर लगाया गया, ताकि विश्व व्यापार संगठन में चुनौती ही न दी जा सके। पिछले 70 वर्षों से मुक्त व्यापार की वकालत करते आ रहे देश ने 30 वर्ष लंबी गैट वार्ताओं के बाद बनी विश्व व्यापार की व्यवस्था को एक एलान से ध्वस्त कर दिया।



ट्रंप के टैरिफ युद्ध का प्रमुख निशाना चीन था, परंतु उसने अपने दुर्लभ खनिजों और औद्योगिक चुंबकों के ब्रह्मास्त्र से अपना बचाव कर लिया। भारत और ब्राजील इसके लिए तैयार नहीं थे। इसलिए दोनों पर सर्वाधिक ऊंचे 50 प्रतिशत टैरिफ लगे हैं। दिलचस्प बात यह है कि रूस पर युद्धविराम का दबाव डालने के लिए ट्रंप भारत पर रूसी तेल खरीदना बंद करने का दबाव डाल रहे हैं, जिसे वे दोस्त कहते हैं। जबकि रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार और प्रतिद्वंद्वी चीन से कुछ नहीं कहते। नाटो में अपने तुर्किये से कुछ नहीं कहते। अपने दोस्त हंगरी के नेता ओर्बान को खरीदने की छूट दे रहे हैं और खुद रूस से परमाणु ईंधन की खरीदारी जारी है। ट्रंप की अबूझ नीतियों के कारण यह साल 25 वर्षों से घनिष्ठ होते आ रहे भारत-अमेरिका रिश्तों पर संदेह और अनिश्चितता के साए का साल रहा।

इस नियमहीन धौंस की कूटनीति ने चीन, रूस और ब्राजील जैसी ब्रिक्स शक्तियों को डालर के बिना व्यापार करने के उपाय खोजने पर विवश किया। ये देश अब अपना अधिकांश व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगे हैं। रूस और चीन करीब 250 अरब डालर के व्यापार का 99.1 प्रतिशत अपनी मुद्राओं में करते हैं। भारत-रूस भी अपने व्यापार का 96 प्रतिशत अपनी मुद्राओं में करते हैं। चीन और ब्राजील भी आपसी व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगे हैं। आर्थिक प्रतिबंधों से बचने के लिए डालर मुक्त व्यापार नया नहीं है, पर ट्रंप की मनमानी और धौंस ने इसे नई गति दी है।

ट्रंप की नीतियों की अस्थिरता और अप्रत्याशितता ने सामरिक समीकरणों को भी उलटा-पलटा है। यूरोप के साथ अमेरिका के रिश्तों की बुनियाद सदियों पुरानी है। दूसरे महायुद्ध में यूरोप के जर्जर और कंगाल हो जाने के बाद अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी सामरिक और आर्थिक शक्ति बनकर उभरा था। इसलिए उसने अपने नेतृत्व में विश्व के लिए एक नई नियमबद्ध व्यवस्था बनाई जो उसके उदार लोकतंत्र, खुली स्पर्धा वाली आर्थिकी और कानून व्यवस्था के सिद्धांतों पर आधारित थी।

यूरोप उसका सामरिक साथी और वैचारिक प्रयोगशाला बना। यूरोप ने शीतयुद्ध के दौरान साम्यवादी एकदलीय तानाशाही के फैलाव को रोके रखा। सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए पूर्वी यूरोप के देशों ने अमेरिका और यूरोप की व्यवस्था को केवल तेज आर्थिक विकास के लिए ही नहीं अपनाया था। उन्हें साम्यवादी तानाशाही से अपना अस्तित्व भी बचाना था और उम्मीद थी कि यूरोप और अमेरिका उनकी रक्षा करेंगे। ट्रंप यूक्रेन के बचाव की जगह पुतिन को खुश रखने के लिए जिस तरह उसकी जमीन और सुरक्षा का सौदा करने में लगे हैं, उसने इस भ्रम को भी तोड़ दिया है।





आइए हम अपने दिलों में शांति का दीया जलायें और उसका प्रकाश दूसरों तक भी फैलायें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# SIR में पारदर्शिता को लेकर संदेह

बिहार की तर्ज पर अब अन्य राज्यों में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों के नाम इस सूची से हटाए जाने की आशंका है। चुनाव आयोग की ओर से हाल में जारी मसौदा सूची में तमिलनाडु में 97.40 लाख और गुजरात में 73.73 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें समय पर आवश्यक दस्तावेज दर्ज न कराना भी शामिल है। अंतिम सूची जारी होने से पहले ऐसे लोगों को अपनी आपत्तियां और दावे पेश करने का मौका दिया जाएगा और संभव है कि कई मतदाताओं के नाम फिर से जुड़ जाएंगे।

मसौदा सूची के आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो उससे यही लगता है कि नाम दर्ज कराने के आखिरी अवसर के बाद भी बड़ी संख्या में लोग इस सूची से बाहर रह जाएंगे। सवाल है कि अगर इन लोगों के पास मतदान की पात्रता नही है, तो पहले इनका नाम क्यों और कैसे मतदाता सूची में था? बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर सबसे पहले पहचान पत्र के मसले पर विवाद पैदा हुआ था।



चुनाव आयोग ने आधार कार्ड को नागरिकता का पहचान पत्र मानने से इनकार दिया था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आधार को पहचान पत्र के दस्तावेजों में शामिल किया गया। बिहार में भी मसौदा सूची में करीब पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। हालांकि बाद में उसमें कई नाम जोड़े गए, इसके बावजूद अंतिम सूची में करीब सैंतालीस लाख लोग मतदाता सूची से बाहर हो गए।

शीर्ष अदालत ने इस पर सूची से हटाए गए लोगों का कारण सहित विस्तृत ब्योरा मांगा। यही स्थिति अब अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रही है। इस सबके बीच विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को भी कसौटी पर कसा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में तो मसविदा सूची से हटाए गए लोगों का सत्तारूढ़ दल ने अपने स्तर पर सत्यापन करने की मुहिम शुरू कर दी है। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर चुनाव आयोग पर आम लोगों और राजनीतिक दलों का भरोसा क्यों डगमगाने लगा है?

इसमें दोराय नहीं है कि चुनावी प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन कर अपात्र लोगों या मृतकों के नाम हटाए जाने जरूरी है। मगर इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का पैमाना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि न तो किसी के मन में कोई आशंका रहे और न ही कहीं से कोई सवाल उठने की गुंजाइश बचे। यह चुनाव आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि अगर किसी को कोई आशंका हो, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। ऐसा न होने पर आयोग की विश्वसनीयता पर अंगुली उठना स्वाभाविक है।

एक अहम सवाल यह भी है कि जिन लोगों को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा, उनका भविष्य क्या होगा? क्या वे देश के नागरिक बने रहेंगे या नहीं, क्योंकि देश के हर नागरिक को मतदान का अधिकार है और जब उनका यही अधिकार खत्म हो जाएगा, तो उनकी नागरिकता पर भी देर-सवेर सवाल उठेगा ही। यह चिंता इसलिए गंभीर है, क्योंकि देश भर में गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों की संख्या करोड़ों में हो सकती है। चुनाव आयोग और सरकार को इस पहलू को भी ध्यान में रखना होगा।

# ना टिकट, ना सीट, ना केबिन क्रू, फिर भी रोज उड़ता है ये प्लेन

भारत में हवाई यात्रा की बात हो तो हमारे दिमाग में IndiGo, Air India, Vistara या फिर SpiceJet जैसे नाम तुरंत आ जाते हैं.

## जरा हट के

लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसी एयरलाइन भी है, जो यात्रियों को नहीं बल्कि सिर्फ सामान को आसमान के रास्ते मंजिल तक पहुंचाने का काम करती है? यही नहीं, इस एयरलाइन ने ऐसा प्रयोग किया है, जो इससे पहले दुनिया में हुआ ही नहीं है. इस एयरलाइन का नाम है Pradhaan Air Express. साल 2022 में शुरू हुई यह एयरलाइन आज भी कई लोगों के लिए अनजान है, लेकिन इसका काम बेहद खास और भविष्य की जरूरतों से जुड़ा हुआ है.

दरअसल, Pradhaan Air Express एक भारतीय कार्गो एयरलाइन है, जो केवल माल ढुलाई (Air Cargo) के क्षेत्र में काम करती है. इसका मकसद तेज डिलीवरी, बेहतर लॉजिस्टिक्स और स्मार्ट तरीके से विमान का इस्तेमाल करना है. यह एयरलाइन खास तौर पर उन कंपनियों की मदद करती है, जो पूरे भारत में 24 से 48 घंटे में सामान पहुंचाने का वादा करती हैं, जैसे D2C (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) ब्रांड्स और ई-कॉमर्स कंपनियां.




Pradhaan Air Express

इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दुनिया की पहली ऐसी एयरलाइन है, जो A320 पैसेंजर विमान को पूरी तरह कार्गो विमान में बदलकर इस्तेमाल कर रही है. इस विमान में पहले यात्री बैठते थे, लेकिन अब इसके अंदर से सभी सीटें हटा दी गई हैं. केबिन को दोबारा डिजाइन किया गया है और अब यह विमान सिर्फ सामान ढोने का काम करता है. यह बदलाव सिर्फ ऊपर-ऊपर से नहीं किया गया, बल्कि विमान के अंदरूनी ढांचे को पूरी तरह से नए तरीके से तैयार किया गया है ताकि ज्यादा और सुरक्षित कार्गो ले जाया जा सके.

भारत में एयर कार्गो की मांग तेजी से बढ़ रही है. ऑनलाइन शॉपिंग, मेडिकल सप्लाई, इलेक्ट्रॉनिक्स और जरूरी सामान की तेज डिलीवरी के कारण कार्गो फ्लाइट्स की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा हो गई है, लेकिन समस्या यह है कि भारत में डेडिकेटेड कार्गो विमानों की संख्या बहुत कम है.

# आंवले की सब्जी




### सामग्री

आंवले की स्वादिष्ट चटपटी सब्जी बनाने के लिए जिन सामग्रियों की जरूरत पड़ती है, वो हैं - मेथी दाना (1/2 टी स्पून), राई (1/2 टी स्पून), जीरा (1/2 टी स्पून), सौंफ (1/2 टी स्पून), हींग (1 चुटकी), हरी मिर्च (1 बारीक कटी हुई), हल्दी पाउडर (1/2 चम्मच), धनिया पाउडर (1/2 चम्मच), सब्जी मसाला (1/2 चम्मच), नमक (स्वादानुसार) और सरसों का तेल।

### विधि :

आंवले की सब्जी बनाने के लिए सबसे पहले कच्चे आंवलों को अच्छे से धो कर उबालने के लिए रख दें। जैसे ही एक-एक आंवला आसानी से आसानी से फटने लगे तो गैस को बंद कर दें। जैसे ही ये ठंडे हो जाएं, तो आंवले के बीजों को निकालकर अलग कर दें। अब सब्जी का स्पेशल मसाला तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले कढ़ाई में मेथी दाना, राई, जीरा और सौंफ डालकर हल्का सा रोस्ट करें। जब यह ठंडा हो जाए तो इसे बिना पानी के ही मिक्सर ग्राइंडर में महीन पीस लें। इसके बाद अगले स्टेप में सब्जी बनाना शुरू करें।



कढ़ाई में दो चम्मच तेल गर्म होने के लिए रखें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें एक चुटकी हींग डालें, और इसके तुरंत बाद इसमें बारीक कटी हुई हरी मिर्च का तड़का लगाएं। फिर अपना तैयार किया हुआ मसाला इसमें एड करें। मसाले को लगभग डेढ़ मिनट तक भूनने के बाद इसमें उबले हुए आंवले डालें और लगातार चलाते हुए मसाले को आंवले में अच्छे से मिलाएं। लगभग 2 मिनट तक इसे यूं ही भूनते रहें। जब आंवले अच्छे से भुन जाएं तो इनमें हल्दी पाउडर, गरम मसाला, धनिया पाउडर, सब्जी मसाला और स्वादानुसार नमक डालें। अब सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करें और फिर लगभग दो से तीन मिनट के लिए ढककर पकने के लिए छोड़ दें। बस इस तरह से आंवले की स्वादिष्ट, मसाले वाली सूखी सब्जी बनकर तैयार हो जाएगी। इसे गर्म-गर्म रोटी या पराठों के साथ सर्व करें।

# वॉक करते समय न करें ये गलतियां

## फायदे की जगह हो जाएगा नुकसान

आज की रफ्तार वाली जिंदगी में लोगों के पास हर पाल काम ही काम रहता है. लेकिन यह काम शारीरिक नहीं बल्कि बैठे-बिठाए ही हो जाता है. ऐसे में लोगों की शारीरिक गतिविधियां बहुत कम हो गई है. लेकिन हेल्दी लाइफ के लिए फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी है. कई ऐसी रिसर्च हैं जिनमें यह दावा किया गया है कि फिजिकल एक्टिविटी के नहीं होने से आज कई तरह की बीमारियां लोगों को समय से पहले होने लगी है. दूसरी ओर हमारा खान-पान भी बहुत खराब हो गया है. इसलिए एक्सरसाइज और भी ज्यादा जरूरी हो गई है. समय अभाव के कारण जो लोग हेल्थ को लेकर ज्यादा सतर्क रहते हैं, वे कम से कम मॉर्निंग वॉक तो जरूर करते हैं लेकिन अक्सर लोग वॉक या पैदल चलते समय गलती कर बैठते हैं जिसके कारण फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ता है. इसलिए इन गलतियों को सुधार कर ही वॉक का फायदा मिलेगा.



### वॉक करने के दौरान आम गलतियां

**1. वॉक की स्पीड-** सीएनएन न्यूज की रिपोर्ट ने एक्सपर्ट के हवाले से बताया है कि अगर आप रोजाना वॉक करते हैं या पैदल चलते हैं लेकिन आपकी गति या पेस सही नहीं है तो इसका कोई खास फायदा नहीं होगा. यदि आप स्वस्थ्य हैं और आप वॉक कर रहे हैं तो आपकी गति कम से कम 6 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए. इससे कम गति से आप चलेंगे तो इसका फायदा न के बराबर होगा.

**2. हाथ को स्थिर रखना-** वेरीवेलफिट के मुताबिक यदि आप वॉक कर रहे हैं और दोनों हाथों को स्थिर रखे हुए हैं तो इस वॉक का कोई फायदा नहीं है. इसलिए जब आप वॉक करते हैं तो वॉक की दिशा में आपके दोनों हाथों में रफ्तार होनी चाहिए. इससे पूरे शरीर में कंपन होती है जिससे शरीर के अंग सक्रिय होते हैं. इससे वजन कम करने में मदद मिलेगी.

**3. वॉक से पहले और बाद में पानी-** अक्सर लोग वॉक करने से पहले बहुत पानी पी लेते हैं. इससे फायदे की जगह नुकसान हो जाता है. वॉक से पहले ज्यादा पानी पीएंगे तो मेटाबोलिज्म बहुत तेज हो जाएगा और इससे पानी और साल्ट का बैलेंस बिगड़ जाएगा. इसलिए पानी पीने के बाद 20 से 25 मिनट तक आराम कर लीजिए उसके बाद वॉक पर जाएं. हालांकि जब प्यास लगे तो पानी पीना जरूरी है. जब वॉक खत्म हो जाए तब भी पानी पीएं.

**4. गलत पॉश्चर-** यदि आप गलत पॉश्चर में वॉक करेंगे तो इससे नुकसान बहुत ज्यादा होगा. जैसे यदि आप गर्दन झुकाकर वॉक करेंगे तो शोल्डर सहित पूरे शरीर में दर्द बढ़ेगा. वहीं मोबाइल फोन पर मैसेज करते या देखते या बात करते वॉक करेंगे तो इसका भी बहुत नुकसान होगा. इसलिए सही तरीके से सीधे खड़े होकर वॉक करें. इसका फायदा ज्यादा मिलेगा.

## आज का राशिफल


**मेष** : नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।


**वृषभ** : धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** : वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।


**कर्क** : वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।


**सिंह** : स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। तनाव रहेगा।


**कन्या** : किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।


**तुला** : आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।


**वृश्चिक** : आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा।


**धनु** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी।


**मकर** : आज व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।


**कुंभ** : आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे।


**मीन** : यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे। भाग्य अनुकूल है, जल्दबाजी न करें। प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# हाथ-पैर हमेशा रहते हैं ठंडे?

## शरीर गर्म करने के लिए अपना लें ये घरेलू नुस्खे

बढ़ती ठंड में ज्यादातर लोग इस बात से परेशान रहते हैं कि उनके हाथ और पैर पूरी तरह से ठंडे रहते हैं। कई लोगों को ठंड इतनी ज्यादा लगती है कि गल्वस और सॉक्स पहनने के बाद भी ठंड नहीं जाती और इसकी वजह से परेशानियां होने लगती हैं। अगर घंटों कंबल में रहने के बाद भी आपकी बॉडी ठंडी रहती है तो ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमा कर खुद को गर्म रख सकते हैं।

### ग्रीन टी से मिलेगी गर्माहट

ठंड में शरीर को गर्म रखने के लिए ग्रीन टी पीएं। इससे शरीर को गर्माहट मिलती है, इसी के साथ इसमें शहद मिलाकर पीने से फायदा डबल हो जाता है। इसके अलावा आप ग्रीन टी के 3-4 बैग्स को लेकर गर्म पानी में डाल कर इससे अपने हाथ-पैर की सिंकाई कर सकते हैं। आप ग्रीन टी वाले पानी में पैरों को डूबाकर पैर में गर्माहट महसूस कर सकते हैं।

### गर्म कपड़े पहने

ठंड के दौरान हाथ-पैर ठंडे रहते हैं, तो हाथ-पैर में गर्म कपड़े जरूर पहनें। खासकर जब आप बाहर निकल रहे हैं, तो ग्लव्स, वार्म सॉक्स, वार्म कोट जरूर पहनें। इसके अलावा गर्म कपड़ों से पूरे शरीर को ढके।



### हीटिंग पैड का इस्तेमाल करें

अगर ठंड में आपका शरीर गर्म नहीं रहता या हाथ-पैर बहुत ज्यादा ठंडे होने लगते हैं, तो इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड का इस्तेमाल करें। हीटिंग पैड की मदद से शरीर तुरंत गर्म हो जाता है।

### गुनगुने तेल से मालिश

हाथ-पैर को गर्म रखने के लिए गुनगुने तेल से मालिश करें। ऐसा करने पर ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है जिससे ऑक्सीजन की सप्लाई बेहतर होती है। जिससे शरीर में गर्माहट बनी रहती है।

# क्या आपको पता हैं अजवायन के फायदे?

### सर्दियों के खाने में ऐसे करें इस्तेमाल

अजवायन यानी कैरम सीड हमारी भारतीय रसोई का एक ऐसा मसाला है, जिसको बचपन से हम सब ने खाया है और इसके स्वाद से भी हम वाकिफ हैं। बचपन में हमारे घर में अजवायन की पूरी, पराठा, ताजी मठरी बनना आम बात थी। ठीक ऐसे ही अरबी और केले आदि की सब्जी अजवायन के बिना बनती ही नहीं थी। इसके अलावा घर में हर साल अजवायन वाला नीबू का अचार जरूर डाला जाता था, जो खाने के साथ-साथ सफर का साथी भी रहा है। अजवायन का चूरन और मुखवास भी बनता है।

### तड़के में अजवायन का उपयोग

आमतौर पर लोग जीरा, राई हींग आदि का ही इस्तेमाल घी या तेल के साथ तड़का लगाने में करते हैं, पर मैं आलू ,अरबी, केले आदि की सूखी सब्जी में लाल मिर्च के साथ अजवायन डालकर तड़का लगाती हूं। मूली की भुजिया बनानी हो या उसके कोफ्ते, तड़के में अजवायन जरूर डालती हूं। साबुत मूंग,मसूर, उड़द की दाल बनाते समय जीरे के साथ-साथ थोड़ा अजवाइन डालकर तड़का लगाइए, सब कुछ जल्दी से हजम हो जाएगा। छोले बनाने हो या मटरा, इसमें भी अजवाइन का तड़का लगाइए। स्वाद और सेहत दोनों ही सही रहेंगे। ऐसी सब्जियां जो गैस बनाती हैं,उसके तड़के में अजवायन का प्रयोग अवश्य करें।

### सूप और सलाद में संगत



अजवायन को सूखा भूनकर क्रश करके एक एयरटाइट डिब्बे में रख लें। सूप सर्व करते समय उसे ऊपर से थोड़ा बुरका दें। इसके अलावा सलाद में ड्रेसिंग करते समय काले नमक में थोड़ी-सी क्रश की हुई अजवाइन मिलाकर ऊपर से बुरक दें। एक अच्छा और बढ़िया स्वाद मिलेगा।

### मोयन के साथ

जब भी समोसा, कचौड़ी, खस्ता,पकौड़े,चीले आदि बनाएं, उसमें भी थोड़ी-सी अजवायन क्रश करके डालें। इससे सब जल्दी हजम हो जाता है। इसके अलावा पूरी व पराठा का आटा गूंदते वक्त मोयन के साथ थोड़ा-सा अजवायन डालना ना भूलें।

### चाय में भी अजवायन

मानसून में अकसर कोई न कोई इंफेक्शन लग ही जाता है। साथ ही बारिश में भीगने पर खांसी, जुकाम व छींक जैसी समस्या हो ही जाती है। ऐसे में चाय बनाते समय उसमें थोड़ी- सी अजवाइन डाल दें। झटपट आराम मिलेगा।

### ऐसे बनाएं अजवायन पाचक

एक कप साफ की हुई अजवायन को आधा कप नीबू के रस व आधा छोटा चम्मच काले नमक में रात भर के लिए भिगोएं। सुबह इसे कड़ाही में डालकर धीमी आंच पर भूनें। अब इसमें नमक, चाट मसाला और पुदीने का चूर्ण आदि मिलाकर पीस लें। स्वादिष्ट अजवायन पाचक चूर्ण तैयार है। नीबू के रस में भीगी अजवायन में भुने तिल,भुनी सौंफ और थोड़े से इलायची के बीज मिला दें, बढ़िया मुखवास तैयार है।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### हाईवे पर मां-बेटी से गैंगरेप; नौ साल बाद पांचों अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा

**बुलंदशहर.** 9 साल पहले हाईवे पर हुए गैंगरेप मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने गैंगरेप के दोषी पांचों अभियुक्तों को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम ओमप्रकाश वर्मा तृतीय के न्यायालय ने पांचों अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने पांचों अभियुक्तों पर 1.81-1.81 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक वरुण कौशिक ने बताया कि 29/30 जुलाई 2016 की रात नेशनल हाईवे-91 पर कोतवाली देहात क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के पास नोएडा से कार सवार परिवार के साथ दरिंदगी हुई थी। नोएडा से शाहजहांपुर जा रहे परिजनों के सामने मां-बेटी से गैंगरेप और लूट की वारदात हुई थी। इस मामले में न्यायालय में छह अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी।

### भेड़िए का हमला; मां के बगल से तीन साल के मासूम को उठा ले गया आदमखोर

**बहराइच.** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में आदमखोर भेड़िए का खूनी आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला फखरपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव का है, जहां सोमवार तड़के एक आदमखोर भेड़िया तीन साल के मासूम बच्चे को उसकी मां की गोद के पास से उठा ले गया। बताया जाता है कि रसूलपुर गांव निवासी मनोहर का तीन वर्षीय बेटा अंश अपनी मां के साथ घर के आंगन में सो रहा था। सोमवार तड़के जब अंधेरा था, तभी दबे पांव आए भेड़िए ने मासूम अंश पर हमला कर दिया और उसे दबोच कर भागने लगा। बच्चे की चीख सुनकर मां की आंख खुली और उसने शोर मचाया, लेकिन जब तक ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़ते, तब तक भेड़िया बच्चे को लेकर पास के गन्ने के खेतों और झाड़ियों की ओर ओझल हो गया।

### दोनों पैर तोड़े फिर ईट से कूंच दिया चेहरा; पत्नी पर शक ने पति को बनाया हैवान

**वाराणसी.** उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी वाराणसी के चोलापुर क्षेत्र में दिल दहला देने वाली एक वारदात सामने आई है। अवैध संबंधों के शक में एक ऑटो चालक पति ने अपनी 26 वर्षीय पत्नी के साथ ऐसी दरिंदगी की, जिसे सुनकर रूह कांप जाए। आरोपी ने पहले मफलर से गला घोंटकर पत्नी की हत्या की, फिर उसकी पहचान मिटाने के लिए ईंट से चेहरा कूंच दिया और दोनों पैर तोड़कर शव को बगीचे में छिपा दिया। रविवार को लहूलुहान शव मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना चोलापुर थाना क्षेत्र के कैथोर गांव की है। यहाँ गांव के ही सोनू ने दयाराम यादव के बगीचे में पशुओं के चारे (बजड़े के डंठल) का ढेर लगा रखा था। रविवार सुबह करीब आठ बजे जब सोनू चारा उठाने बगीचे में पहुंचा, तो डंठल के नीचे छिपाई गई एक महिला की क्षत-विक्षत लाश देखकर उसके होश उड़ गए।

### डंपर से टकराई क्रेटा कार, चार लोगों की मौत

**बिजनौर.** बिजनौर के नांगलसोती थाना क्षेत्र में विजिबिलिटी कम होने के कारण दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार क्रेटा कार सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में प्रसिद्ध हजरत कारी इकबाल भी शामिल हैं। रविवार को मंडावली क्षेत्र में एक धार्मिक जलसे का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में नांगलसोती थाने के गांव सराय आलम निवासी हजरत कारी इकबाल मुख्य रूप से शामिल होने गए थे।

# बांग्लादेश में हिंसा जारी एक और नेता को गोली मारी

- बिगड़ रहे हालात





**ढाका.** पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते सप्ताह ही इंकलाब मंच के नेता शरीफ उस्मान हादा का बाइक सवार हमलावरों ने कत्ल कर दिया था तो वहीं सोमवार को एक और नेता पर अटैक हुआ है। नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता मोतालेब शिकदर को गोली मारी गई है। वह एनसीपी की खुलना डिविजन के सेंट्रल ऑर्गनाइजर हैं। यह घटना सुबह करीब 11:45 बदे की है, जब हमलावरों ने शिकदर के सिर पर निशाना लगाते हुए गोली चला दी। उन्हें तुरंत ही खुलना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। स्थानीय पुलिस थाने के इंचार्ज अनिमेश मंडल ने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। डेली स्टार ने डॉक्टरों के हवाले से लिखा है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने के इरादे से ही गोली चलाई थी। लेकिन शिकदर भाग्यशाली रहे कि गोली उनके कान को लगते हुए निकल गई। इससे वह घायल तो हुए हैं, लेकिन खतरे से बाहर हैं। इससे पहले ढाका-8 सीट से सांसद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे शरीफ उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके भी सिर पर ही गोली चलाई गई थी। यह घटना ढाका पालटन इलाके में हुई थी। उस्मान हादा का पहले ढाका मेडिकल कॉलेज में इलाज चला था। उसके बाद हालत न सुधरने पर उन्हें सिंगापुर भेजा गया था, लेकिन जान नहीं बच सकी।

### ...वरना दीपू को बचाया जा सकता था

उस्मान हादा की मौत के बाद बांग्लादेश में फिर से हालात बिगड़ गए और हिंसा शुरू हो गई। इस बीच मयमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की एक फैक्ट्री में लोगों ने जिंदा जलाकर हत्या कर दी। दीपू चंद्र दास पर भीड़ ने आरोप लगाया था कि उन्होंने उनकी मजहबी भावनाओं को आहत किया है। इस घटना पर भारत ने भी सख्त ऐतराज जताया है और बांग्लादेश को अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की नसीहत दी है। बांग्लादेश की पुलिस ने सफाई दी कि उन्हें इस घटना की जानकारी देरी से मिली वरना दीपू को बचाया जा सकता था।

# हुमायूं कबीर ने कर दिया पार्टी का ऐलान

- 20 फीसदी हिंदू भी होंगे



**मुर्शिदाबाद.** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को नया राजनीतिक दल बनाने की घोषणा की। कबीर ने बताया कि उनकी पार्टी का नाम जनता उन्नयन पार्टी (JUP) होगा। इसकी राज्य समिति में 75 सदस्य होंगे, जिनमें करीब 20 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हिंदू समुदाय का होगा। कबीर ने बताया कि पार्टी की औपचारिक शुरुआत मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में एक जनसभा के दौरान की जाएगी।

सुंदरबन उन्नयन शैक्षिक ट्रस्ट से जुड़े एक समर्थक ने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। कबीर ने कहा कि प्रस्तावित बाबरी मस्जिद परिसर के पास इसे भविष्य में स्थापित किया जाएगा। कबीर ने दावा किया कि उनकी पार्टी का झंडा जल्द ही पूरे राज्य में दिखेगा। पार्टी का झंडा तृणमूल कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज जैसा होगा।

### मुस्लिम बहुल जिला है मुर्शिदाबाद

मुर्शिदाबाद मुस्लिम बहुल जिला है। इस क्षेत्र में राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से 30 सीटें हैं। वर्ष 2026 के मार्च-अप्रैल में यहां चुनाव होने हैं। कबीर ने कहा कि इस दौरान वह आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कम से कम पांच संभावित उम्मीदवारों की भी घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह रेजीनगर और बेलडांगा दोनों सीटों से चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं और उन्हें 2026 में दोनों सीटें जीतने का भरोसा है।

# 335 यात्रियों को मुंबई ला रहा एअर इंडिया प्लेन का एक इंजन हवा में बंद

- दूसरे इंजन से दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली.** दिल्ली से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट को 40 मिनट में ही इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोइंग 777-300ER AI887 फ्लाइट का दाहिना इंजन टेक-ऑफ के बाद बंद हो गया। उसमें ऑइल प्रेशर जीरो हो गया था। इसके चलते उसे दिल्ली एयरपोर्ट लौटना पड़ा।

प्लेन ने सुबह 6:10 बजे AI 887 के रूप में मुंबई के लिए उड़ान भरी थी और 6.52 पर यह वापस आ गया। हालांकि 2 इंजन वाले प्लेन एक इंजन के जरिए भी सुरक्षित लैंड कर सकते हैं। इसलिए इसे तुरंत ही लौटाने का फैसला लिया गया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradar24.com के मुताबिक टेक-ऑफ के बाद लगभग एक घंटे तक हवा में थी। विमान में लगभग 335 लोग सवार थे। इन सभी को दूसरे विमान से भेजे जाने की व्यवस्था की गई है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एअर इंडिया की फ्लाइट AI-887 की घटना पर एक्शन लिया है, जिसमें टेक-ऑफ के तुरंत बाद तकनीकी खराबी आई थी। मंत्रालय ने एअर इंडिया से एक डिटेल्ड रिपोर्ट मांगी है। साथ ही DGCA को पूरी जांच करने का निर्देश दिया है।


## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

जावक क्र. उमपा/निवि/आयुक्त/769/2025 | दि. 22/12/2025

### सुधारीत अधिसुचना

ज्याअर्थी, विद्यमान उल्हासनगर महानगरपालिकेची मुदत दि. 05/04/2022 रोजी संपली आहे

ज्याअर्थी, उक्त मुदत संपण्यापूर्वी नवीन महानगरपालिकेच्या स्थापनेसाठी सार्वत्रिक निवडणूक होणे अभिप्रेत असल्याने उल्हासनगर महानगरपालिकेची सार्वत्रिक निवडणूक घेणेबाबत मा. राज्य निवडणूक आयोगाने आदेश दिलेले आहेत.

आणि ज्याअर्थी, मा. राज्य निवडणुक आयोगाने त्यांचे आदेश क्र. रानिआ/मनपा 2025/प्र.क्र.80/का.05, दिनांक 15 डिसेंबर, 2025 प्रमाणे निवडणूकीचा कार्यक्रम निश्चित करून दिलेला असून तो अधिसूचित करणेबाबत निर्देश दिलेले आहेत.

त्याअर्थी मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे अनुसूचीतील प्रकरण क्र. 1 नियम 8 आणि 11 मधील तरतुदीप्रमाणे मी. मनिषा आव्हाळे. महापालिका आयुक्त. उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या सार्वत्रिक निवडणूक 2025 साढी खालोल निवडणूक कार्यक्रम अधिसुचित करीत आहे.

| अ.क्र. | निवडणुकीचा टप्पा | टप्पा सुरू करण्याची / पुर्ण करण्याची तारीख |
|---|---|---|
| | मतदार यादी ग्राह्य धरण्याचा दिनांक | दि. 01 जुलै, 2025 (मंगळवार) |
| (1) | आयुक्त, महानगरपालिका यांनी निवडणुक कार्यक्रम शासन राजपत्र व स्थानिक वृत्तपत्रात प्रसिध्द करण्याची दिनांक | दि. 18 डिसेंबर, 2025 (गुरुवार) |
| (2) | नार्मानर्देशनपत्रे देण्याचा कालावधी | दि. 23 डिसेंबर, 2025 (मंगळवार) ते दि. 29 डिसेंबर, 2025 (सोमवार) (सकाळी 11 ते दुपारी 3) (गुरूवार दि. 25 डिसेंबर व रविवार दि. 28 डिसेंबर, 2025 रोजी नामनिर्देशनपत्रे देण्यात येणार नाहीत.) |
| (3) | वरील नामनिर्देशनपत्रे स्विकारण्याचा कालावधी | दि. 23 डिसेंबर, 2025 (मंगळवार) ते दि. 30 डिसेंबर, 2025 (मंगळवार) (सकाळी 11 ते दुपारी 3) (गुरूवार दि. 25 डिसेंबर व रविवार दि. 28 डिसेंबर, 2025 रोजी नामनिर्देशनपत्रे देण्यात येणार नाहीत.) |
| (4) | नामनिर्देशनपत्राची छानंनी | दि. 31 डिसेंबर, 2025 (बुधवार) (सकाळी 11.00 वाजल्यापासून। |
| (5) | वैधरित्या नामनिर्देशित झालेल्या उमेदवारांची यादी प्रसिध्द करण्याचा दिनांक | छाननी पूर्ण झाल्यानंतर लगेच |
| (6) | नामनिर्देशनपत्रे मागे घेण्याचा अंतिम दिनांक | दि. 02 जानेवारी, 2026 (शुक्रवार) पर्यंत (सकाळी 11 ते दुपारी 3) |
| (7) | निवडणूक चिन्ह नेमून देण्याचा दिनांक | दि. 03 जानेवारी, 2026 (शनिवार) (सकाळी 11.00 वाजल्यापासून) |
| (8) | अंतिमरित्या निवडणुक लढविणा-या उमेदवारांची यादी प्रसिध्द करण्याचा दिनांक | दि. 03 जानेवारी, 2026 (शनिवार) |
| (9) | आवश्यक असल्यास मतदानाचा दिनांक | दि. 15 जानेवारी. 2026 (गुरूवार) सकाळी 7.30 ते संध्याकाळी 5.30 पर्यंत |
| (10) | मतमोजणी व निकाल जाहीर करण्याचा दिनांक | दि. 16 जानेवारी, 2026 (सकाळी 10.00 वाजल्यापासून) |
| (11) | महाराष्ट्र शासन राजपत्रात निकाल प्रसिध्द करणे | दि. 19 जानेवारी, 2026 (सोमवार) पर्यंत |

प्रस्तुत सार्वत्रिक निवडणूकीसाठी नियुक्त केलेल्या निवडणूक निर्णय अधिकारी यांचे निम्ननिर्देशित कार्यालयातून नामनिर्देशनपत्रे देणे किंवा स्विकारणे तसेच निवडणूक चिन्हांचे वाटप करणे याबाबतची कार्यवाही करण्यात येईल.

निवडणूक निर्णय अधिकारी यांचे नाव, हुद्दा व त्यांचे कार्यालयाचे ठिकाण खालील प्रमाणे आहे.

| अ.क्र. | निवडणूक निर्णय अधिकारी | सहाय्यक निवडणूक निर्णय अधिकारी क्र. १, २, 3 | प्रभाग क्रमांक | निवडणूक निर्णय अधिकारी यांचे कार्यालयाचे ठिकाण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री. बाळासाहेब तिडके, उपजिल्हाधिकारी (विशेष कक्ष -3) झोपुप्रा, बांद्रा मो.क्र. 8975883333 | 1. श्री. विजय बोरुडे, तहसिलदार, मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण, मुंबई. मो.क्र. 8999710456, 2. श्री. विशाल कदम, सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र. 3, उल्हासनगर महानगरपालिका, मो. क्र. 9867126667 3. श्री. विशाल राठोड, शाखा अभियंता, अंबरनाथ नगरपरिषद, मो. क्र. 8308807556 | 1 2 3 | प्रभाग समिती क्र. 1 भगवंती नावानी स्टेज. पहिला मजला, गोलमैदान, उल्हासनगर-1 |
| 2 | श्री. गणेश सांगळे, उपजिल्हाधिकारी (सामान्य), मुंबई शहर मो. क्र. 7715024566 | 1. श्रीम. कोमल ठाकूर, तहसिलदार (संगायो), जिल्हाधिकारी रायगड, मो.क्र. 9702170303 कार्यालय 2. श्री. सुनिलकुमार जाधव, उप अभियंता, अंबरनाथ नगरपरिषद, मो.क्र. 8956659936 3. श्री. पंकज प्रभाकर कोचुरे, शाखा अभियंता, पंचायत समिती, अंबरनाथ, मो.क्र. 9324482597 | 4 5 6 | प्रभाग समिती ब्रा. 2 कार्यालय, सपना गार्डन, उल्हासनगर 2 |
| 3 | श्री. विशाल वसंतराव जाधवर, उप निबंधक, सहकारी संस्था, कल्याण मो.क्र.9421455758 | 1. श्रीम. कल्याणी कदम, तहसिलदार, उल्हासनगर, मो.क्र. 9987717111 2. श्री. सुरज सागर, नायब तहसिलदार, उप विभागीय कार्यालय, उल्हासनगर, मो.क्र. 8850305353 3. श्री. पंकज पन्हाळे, उप अभियंता, अंबरनाथ नगरपरिषद, मो.क्र. 8888941799 | 7 8 9 | डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अभ्यासिका, उल्हासनगर महानगरपालिका, शाळा क्र. 29 च्या जवळ, उल्हासनगर - |
| 4 | श्री. विजयकुमार वाकोडे, उपजिल्हाधिकारी, महाराष्ट्र राज्य रस्ते विकास महामंडळ मर्यादित, मुंबई, मो.क्र. 9967288845 | 1. श्री. राकेश दाभाडे, नायब तहसिलदार (महसूल), तहसिल कार्यालय, कुर्ला, जिल्हा मुंबई उपनगर मो.क्र. 9637848702 2. श्रीम. सलोनी निवकर, सहा. आयुक्त (साप्रवि), उल्हासनगर महानगरपालिका मो.क्र. 9049003228 3. श्री. विनोद राठोड, शाखा अभियंता, अंबरनाथ नगरपरिषद मो. क्र. 8308807552 | 10 11 12 | सिंधु भवन, सपना गार्डनजवळ, उल्हासनगर - 03 |
| 5 | श्री. मुकेश पाटील, उपजिल्हाधिकारी (अति/निष्का), भांडूप, मो.क्र. 9757285932 | 1. श्रीम. सुवर्ण केळकर, सहायक करमणूक कर अधिकारी, जिल्हाधिकारी कार्यालय, ठाणे, मो.क्र. 7774014570 2. श्री. अजय साबळे, सहा. आयुक्त, प्र.स.क्र.1, उल्हासनगर महानगरपालिका, मो.क्र. 9404033080 3. श्री. प्रतिक वाकडे, शाखा अभियंता, अंबरनाथ नगरपरिषद, मो.क्र. 9561458513 | 13 14 15 16 | प्रभाग समिती क्र. 3 कार्यालय, म.न.पा. शाळा क्र. 14 लगत, मिलिंद नगर, उल्हासनगर - 4 |
| 6 | श्री. संजय शिंदे, उप आयुक्त, नवी मुंबई महानगरपालिका, मो.क्र. 992040777 | 1. श्री. सत्यजीत चव्हाण, निवासी तहसिलदार, तहसिल कार्यालय, कल्याण, मो.क्र. 8308800686 2. श्रीम. अलका पवार, सहा. आयुक्त, प्रभाग समिती क्र. 4 उल्हासनगर महानगरपालिका, मो.क्र. 9699346428 3. श्री. मनोज म्हसे, मुख्यधिकारी, नगर पंचायत, मुरबाड, मो.क्र. 8805609842 | 17 18 19 20 | तहसिल कार्यालय, दशेरा मैदान जवळ, उल्हासनगर - 5 |

ठिकाण :- उल्हासनगर
दिनांक :- 17/12/2025
जा.क्र. उमपा/पीआर/455/2025
दिनांक - 22/12/2025

सही/-
(मनिषा आव्हाळे भाप्रसे)
निवडणूक अधिकारी तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका


# पीएम मोदी व अमित शाह से मिले नीतीश कुमार

- 30 मिनट चली मुलाकात, बिहार के मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली.** बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ये बैठक 30 मिनट तक चली। पीएम आवास पर हुई मुलाकात में नीतीश के साथ जदयू अध्यक्ष ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। इस दौरान बिहार सरकार की प्राथमिकताओं और राजनीतिक बातें हुई।

वहीं बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि मुलाकात के दौरान सात निश्चय योजना 3.0 को लेकर बातचीत हुई। इसके साथ ही यह भी विचार-विमर्श किया गया कि केंद्र सरकार बिहार की और किस तरह से मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद इस तरह की बैठकें सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा होती हैं, जिसमें भविष्य की योजनाओं और सहयोग पर चर्चा होती है।

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम नीतीश ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। शाह ने नीतीश कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। आपको बता दें नीतीश कुमार के दो दिन के दिल्ली दौरे का आज आखिरी दिन है आज शाम तक नीतीश पटना लौट आएंगे। इससे पहले उन्होने कल पार्टी पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की थी।

बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री पहली बार दिल्ली पहुंचे हैं। इससे पहले पटना में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मुलाकात हुई थी। तब, मुख्यमंत्री समेत सरकार के अन्य मंत्रियों ने गांधी मैदान में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में शपथ ली थी।

वर्ल्डकप टीम से बाहर किए गए

# गिल विजय हजारे खेलेंगे

- पंजाब की टीम में अभिषेक और अर्शदीप के भी नाम
- 24 दिसंबर से टूर्नामेंट



भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे। सोमवार को पंजाब ने टूर्नामेंट के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें गिल के साथ अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

पंजाब अपने अभियान की शुरुआत 24 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ करेगा। हालांकि, गिल, अभिषेक और अर्शदीप कितने मैच खेल पाएंगे, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है, क्योंकि भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है।

गिल का चयन इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें हाल ही में भारत की आगामी टी-20 वर्ल्ड कप टीम और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था। ऐसे में विजय हजारे ट्रॉफी गिल के लिए खुद को दोबारा साबित करने, फॉर्म में लौटने और व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अपनी क्लास दिखाने का बड़ा मौका होगा।

### अर्शदीप सिंह को बॉलिंग की कमान

गेंदबाजी की जिम्मेदारी एक बार फिर अर्शदीप सिंह के कंधों पर होगी। वे 2024-25 सीजन में पंजाब के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उनका साथ तेज गेंदबाज गुरनूर ब्रार और कृष्ण भगत निभाएंगे। नई गेंद से शुरुआती विकेट निकालना और डेथ ओवर्स में सटीक गेंदबाजी अर्शदीप को पंजाब की सबसे बड़ी ताकत बनाता है।

### पंजाब के सभी मैच जयपुर होंगे

पंजाब अपने सभी सात लीग मुकाबले जयपुर में खेलेगी। पिछले सीजन में क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बावजूद इस बार टीम को खिताब का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा के अलावा प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन धीर, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह और हरप्रीत ब्रार टीम को गहराई और मजबूती प्रदान करते हैं।

# सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस जारी

- नेशनल हेराल्ड केस
- ED ने दायर की थी अर्जी



सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**नई दिल्ली.** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को दिल्ली हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले में कांग्रेस के दोनों नेताओं से जवाब मांगा है। प्रवर्तन निदेशालय की उस अर्जी पर यह नोटिस जारी किया गया है, जिसमें एजेंसी ने ट्रायल कोर्ट की तरफ से मनी लॉन्ड्रिंग केस को खारिज कर दिया गया था। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में पहले ही दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा जांच कर रही है। इसलिए इस मामले में अब मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। इसी फैसले को चुनौती देते हुए ईडी ने हाई कोर्ट का रुख किया था, जिस पर बेंच ने

इस केस की अगली सुनवाई अब मार्च 2026 में होगी। इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने गांधी परिवार को बड़ी राहत दी थी। जज का कहना था कि यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज नहीं किया जा सकता क्योंकि इसकी शुरुआत सुब्रमण्यन स्वामी की ओर से सीधे अदालत में दी गई अर्जी के बाद दर्ज हुआ था। इस केस में ऐसा कुछ नहीं था कि आर्थिक गड़बड़ी पकड़ी गई है और उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई है।

# पंजाब के पूर्व IG ने खुद को गोली मारी

**पटियाला.** पंजाब के पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (IG) अमर सिंह चहल ने खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से मारी। गोली लगने से वह घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खुद को गोली मारने से पहले उन्होंने 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। ये सुसाइड नोट उन्होंने पंजाब पुलिस के DGP गौरव यादव के नाम लिखा है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सुसाइड नोट में 8.10 करोड़ रुपए ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। अमर सिंह चहल IG पद से रिटायर होने के बाद पटियाला में रह रहे थे। पटियाला के SSP वरुण शर्मा ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत अमर सिंह चहल के घर पहुंच गईं।

# भाजपा को महाराष्ट्र में बड़ी सफलता

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव: महायुति की आंधी में साफ हुआ MVA

**मुंबई.** महाराष्ट्र निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (NDA) को बंपर जीत हासिल हुई है। 288 सीटों (246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों) के रिजल्ट में महायुति को 207 सीटों पर जीत मिली। रविवार रात तक स्टेट इलेक्शन कमीशन ने फाइनल रिजल्ट जारी कर दिए।

गठबंधन में भाजपा 117 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 53 सीटें, NCP अजित को 37 सीटें मिलीं। वहीं, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (MVA) गठबंधन 44 सीटों तक सीमित रहा।



इसमें कांग्रेस कांग्रेस को 28 सीटें मिलीं, जबकि शरद पवार की NCP को केवल 7 और शिवसेना (UBT) को 9 सीटें हासिल हुईं। 32 सीटें अन्य को मिली हैं।

गढ़चिरौली में वार्ड नंबर 4 में बीजेपी उम्मीदवार संजय मंडवगड़े केवल एक वोट से चुनाव हार गए। लास्ट काउंटिंग के बाद उन्हें 716 वोट मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी श्रीकांत देशमुख को 717 वोट मिले।

दरअसल, महाराष्ट्र की 288 नगर परिषदों और नगर पंचायत के लिए दो चरणों में चुनाव हुआ था। पहले चरण में 2 दिसंबर को 263 निकायों में मतदान हुआ था। बाकी 23 नगर परिषदों और कुछ खाली पदों पर 20 दिसंबर को वोटिंग हुई थी।

धुले की डोंडाइचा नगर परिषद और सोलापुर की उंगर नगर पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ था। जलगांव जिले की जामनेर नगर परिषद में भी अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला नहीं हुआ था। तीनों पदों पर भाजपा ने निर्विरोध जीत हासिल की।

### पीएम ने बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महायुति को समर्थन देने के लिए महाराष्ट्र के मतदाताओं का धन्यवाद किया और इसे विकास पर जनता के भरोसे से जोड़ा।

### भाजपा पार्षद 1602 से बढ़कर 3325 हुए



वहीं, निकाय चुनाव में महायुति की जीत पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा– नगरपालिका और नगर पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और महायुति को मिली जबरदस्त सफलता के लिए मैं महाराष्ट्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। 2017 में 94 नगरपालिकाओं की तुलना में इस बार हमने 129 नगरपालिकाओं (45 प्रतिशत) में जीत हासिल की है। फडणवीस ने कहा कि महायुति के तौर पर हमने 215 नगरपालिकाएं (74 .65 प्रतिशत) जीती हैं। 2017 में भाजपा के 1602 पार्षद थे। अब बढ़कर 3325 हो गए हैं। पार्षद की कुल संख्या 6952 है, इनमें से महायुति के 4331 पार्षद जीते हैं।

## संक्षेप...

### कोर्ट बिल्डिंग से गिरने पर मजदूर घायल

**पनवेल.** पनवेल कोर्ट बिल्डिंग में एक मजदूर के दूसरी मंजिल से गिरने की घटना हुई है. इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुआ, उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के अनुसार मजदूर का नाम दीपक बावस्कर है. 25 साल का दीपक उक्त इमारत की दूसरी मंजिल पर काम कर रहा था. पुलिस ने बताया कि ठेकेदार ने वहां काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाए थे, जिसकी वजह से उक्त हादसा हुआ. पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है.

## फिर बढ़ी ठंड, तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस



**बदलापुर.** नॉर्थ इंडिया से आ रही ठंडी और सूखी हवा का असर अब कोंकण और ठाणे जिलों में साफ महसूस हो रहा है, और शनिवार बदलापुर के लिए इस सर्दी का अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा है। बदलापुर में सुबह का मिनिमम टेम्परेचर 9.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। खास बात यह है कि यह टेम्परेचर महाराष्ट्र के मशहूर ठंडे मौसम वाले टूरिस्ट डेस्टिनेशन महाबलेश्वर (12.6 डिग्री) और माथेरान (17.2 डिग्री) से काफी कम है. उक्त जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिजीत मोडक ने दी है।

पिछले कुछ सालों में जो ठंड कुछ कम महसूस हो रही थी, वह इस साल दिसंबर के दूसरे हिस्से में ज़्यादा महसूस हो रही है। सुबह बदलापुर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में ड्यू पॉइंट्स बड़ी संख्या में जमा हो गए थे। यह ठंड सिर्फ़ बदलापुर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे ठाणे ज़िले और नॉर्थ कोंकण तक फैल गई है।

### मुंबई का टेंपरेचर 15 डिग्री से नीचे

कर्जत (9 .9 डिग्री), उल्हासनगर (11 डिग्री), कल्याण (11 .4 डिग्री), डोंबिवली (12 .3 डिग्री) और नवी मुंबई (13 .4 डिग्री) में भी मिनिमम टेम्परेचर में काफ़ी गिरावट दर्ज की गई। मुंबई में भी मिनिमम टेम्परेचर गिरकर 14 .6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जिससे इस सीज़न में यह दूसरी बार है जब मुंबई का टेम्परेचर 15 डिग्री से नीचे गया है। इस वजह से, महानगर समेत पूरे मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में ठंड का ज़ोर बढ़ गया है।

मौसम वैज्ञानिक अभिजीत मोडक की दी गई जानकारी के मुताबिक, इस साल मानसून में करीब छह महीने की देरी की वजह से सर्दी शुरू में देर से और हल्की महसूस हुई। अक्टूबर और नवंबर के महीनों में माहौल में ज़्यादा बारिश नहीं हुई। हालांकि, दिसंबर के बीच से, उत्तर से ठंडी हवा का बहाव ज़्यादा एक्टिव हो गया है, जिससे तापमान में अचानक गिरावट आई है। इस वजह से लोगों को ज़्यादा ठंड महसूस हो रही है।

## साई पक्ष द्वारा आयोजित मेगा जॉब फेयर रहा सफल



**उल्हासनगर.** साई पक्ष की ओर से पूर्व उपमहापौर जीवन ईदनानी तथा पूर्व महापौर आशा इदनानी की अध्यक्षता और हरेश ईदनानी व जनक ईदनानी सहित पक्ष के अन्य नेताओं व पदाधिकारियों के सहयोग से शनिवार २० दिसंबर को सुबह ९ बजे से शाम ५ बजे तक कैंप 3, अमन टॉकीज के सामने स्थित पूज्य साई वसणशाह गार्डन में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। इसआयोजन के माध्यम से ५ हजार से अधिक लोगों को नौकरी का अवसर देने की व्यवस्था की गई थी।

बता दें कि उक्त आयोजन के माध्यम से बैंकिंग व कॉर्पोरेट, बैंकिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, बैंक ऑफिस, केपीओ, बीपीओ, सेल्स व सर्विसेस, रिटेल सेल्स व मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, होम फाइनेंस, रियल एस्टेट, ऑपरेशन्स व टेक्निकल जॉब्स, सिक्योरिटी, लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, फैसिलिटी मैनेजमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन, आयटीआय ट्रेक्स, हाउसकीपिंग, हॉस्पिटैलिटी, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम, एजुकेशन, इंश्योरेंस व अन्य कई सेक्टर्स में जॉब उपलब्ध करवाने के लिये कई नामी-गिरामी कंपनियाँ मौजूद थी। जिस आयोजन के माध्यम से कुल 2938 इच्छुकों द्वारा अपने आवेदन जमा किये गए और उन आवेदनकर्ताओं का जीवन ईदनानी तथा श्रीमती आशा ईदनानी द्वारा आयोजन में स्वंय मौजूद रहकर मार्गदर्शन किया गया। वहीं उक्त आयोजन द्वारा 613 आवेदकों को तत्काल नौकरी मिल गई जबकि ४१८ आवेदकों ने अपने इंटरव्यू का पहला चरण पार कर लिया है। बहरहाल यह कहा जा सकता है कि साई पक्ष द्वारा आयोजित मेगा जॉब फेयर अति सफल रहा।

## नवी मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों को मिलेगी हाई-स्पीड फ्री Wi-Fi और 'डिजिटल-फर्स्ट' सुविधाएं

**नवी मुंबई.** हवाई सफर करने वालों के लिए एक शानदार खबर है. नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NMIA) न केवल उड़ानों के मामले में मुंबई का बोझ कम करने जा रहा है, बल्कि यात्रियों को एक हाई-टेक अनुभव देने के लिए भी पूरी तरह तैयार है. अदाणी ग्रुप के नेतृत्व वाला यह एयरपोर्ट 25 दिसंबर से अपना कमर्शियल ऑपरेशन शुरू करेगा और इसकी सबसे बड़ी खासियत होगी यहां का डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच. एयरपोर्ट टर्मिनल पर यात्रियों को 10 Mbps तक की हाई-स्पीड फ्री Wi-Fi सुविधा मिलेगी.

यह नेटवर्क इतना दमदार होगा कि भीड़-भाड़ वाले समय में भी यात्री आसानी से वीडियो कॉल, स्ट्रीमिंग, डिजिटल पेमेंट और कैब बुकिंग कर सकेंगे.

### वर्चुअल असिस्टेंट बनेगा आपका फोन

अब आपको पूछताछ काउंटरों पर लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं होगी. अदाणी वन ऐप (Adani OneApp) के जरिए यात्रियों को सीधे उनके मोबाइल पर- फ्लाइट स्टेटस के रीयल-टाइम अपडेट्सबोर्डिंग गेट की जानकारीफ्लाइट शेड्यूल और दूसरी जरूरी सूचनाएं मिलेंगी.

## रिक्शा की टक्कर से महिला पुलिस घायल

**खारघर.** खारघर के तहत आने वाले पापड़ी चा पाड़ा में रिक्शा ने टू-व्हीलर को टक्कर मार दी. इस हादसे में टू-व्हीलर पर सवार महिला पुलिसकर्मी और उसका बेटा घायल हुआ. इस संबंध में खारघर पुलिस स्टेशन में रिक्शा ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. पुलिस के अनुसार शशिकला वानखेड़े नामक महिला मुंबई के मानखुर्द पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं. जो अपने बेटे सम्यक वानखेड़े के साथ टू-व्हीलर से पापड़ी चा पाड़ा में बने बस स्टॉप जा रहा थी.

## भिवंडी महानगर पालिका चुनाव की तैयारी पूर्ण

- **चुनाव के लिए 7 रीजनल ऑफिसर नियुक्त**

- **6,69,033 मतदाता**
- **पुरुष 3,80,623**
- **महिला 2,88097**
- **अन्य 313 मतदाता करेंगे मतदान**




**भिवंडी.** 15 जनवरी 2026 को घोषित भिवंडी निज़ामपुर मनपा चुनाव के लिए 7 चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और उनका काम 7 कार्यालयों से शुरू होगा. मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर ने उक्त जानकारी दी है.उक्त मौके पर प्रांत अधिकारी एवं चुनाव निर्णय अधिकारी अमित सानप, अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, नयना ससाने, पुलिस उपायुक्त शशिकांत बारोटे, उपायुक्त विक्रम दराडे आदि शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा के कुल 23 प्रभाग अंतर्गत 90 वार्ड के लिए 15 जनवरी, 2026 को चुनाव होंगे.प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर ने चुनाव संबंधित जानकारी को मीडिया कर्मियों से साझा करते हुए बताया कि, मनपा चुनाव मतदान की खातिर कुल 750 बूथ बनाए गए हैं.चुनाव सम्पन्न कराए जाने के लिए 4,590 मनपा कर्मी की तैनाती होगी।महिलाओं के लिए पिंक बूथ और मॉडल बूथ बनाया गया है.मंडप में 57 मतदान केंद्र और पार्टीशन डालकर 155 बूथ बनाए जाएंगे.मतदान के लिए 820 कंट्रोल यूनिट सहित बेलेट यूनिट की संख्या 1640 होगी.

..अतिरिक्त आयुक्त को आचार संहिता प्रमुख की जिम्मेदारी..

मनपा चुनाव आचार संहिता प्रमुख की अहम जिम्मेदारी अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके को दी गई है.6आचार संहिता विजिलेंस पथक चुनाव की निगरानी करेंगे. सरकारी छुट्टियों को छोड़कर, 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक तय समय के अंदर उम्मीदवारों को नॉमिनेशन पेपर दिए जाएंगे. इस दौरान नॉमिनेशन पेपर स्वीकार भी किए जाएंगे.नॉमिनेशन पेपर की समग्र जांच बुधवार, 31 दिसंबर, 25 को सुबह 10 बजे से की जाएगी.जांच पूरी होने के बाद उसी दिन उम्मीदवारों की लिस्ट घोषित की जाएगी.नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 02 जनवरी 2026 है. 03 जनवरी को चुनाव चिह्न आवंटित होने के बाद अंतिम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जाएगी.चुनाव के लिए मतदान गुरुवार 15 जनवरी 2026 को सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा और मतों की गिनती और परिणाम अगले दिन 16 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से घोषित किए जाएंगे. परिणाम सोमवार 19 जनवरी 2026 तक सरकारी राजपत्र में प्रकाशित कर दिए जाएंगे. चुनाव कार्यक्रम की घोषणा मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने करते हुए बताया कि, भिवंडी मनपा के 23 प्रभागों के चुनाव के लिए कुल 7 चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं. चुनाव निर्णय अधिकारियों के लिए शहर में 7 स्थानों पर अलग-अलग कार्यालय स्थापित किए गए हैं. प्रत्येक कार्यालय के लिए तीन सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं.

..कार्यालयों के स्थान औरअधिकारी..

कोंबडपाड़ा स्व.राजय्या गजेंगी हॉल में वार्ड नंबर 1, 6, 7 के लिए ऑफिस बनाए गए हैं. सब-डिविजनल ऑफिसर अमित सानप को चुनाव निर्णय अधिकारी के तौर पर काम करेंगे. मिल्लतनगर स्थित फरहान खान हॉल में वार्ड क्रमांक 3, 4 और 10 के लिए कार्यालय स्थापित कर ठाणे के डिप्टी कलेक्टर शशिकांत गायकवाड़ को चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किया गया है.वार्ड क्रमांक 9,11 और 12 के लिए भादवड संपदा हाल में में रत्नागिरी के उप जिलाधिकारी हर्षलता गेडाम को चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किया गया है.

उसी हॉल के भूतल पर वार्ड क्रमांक 13,14,15,16 के लिए कार्यालय स्थापित कर मुंबई के उप जिलाधिकारी स्वरूप कंकाल को चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किया गया है.कामतघर स्थित वनहाल देवी माता हॉल में वार्ड क्रमांक 17,21,22,23 के लिए कार्यालय स्थापित कर जिला परिषद उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद काले को चुनाव निर्णय अधिकारी नियुक्त किया गया है.

## राजस्थान प्रगति मंडल ठाणे और राजस्थान विकास मंच की मनपा चुनाव में टिकट की मांग

**ठाणे.** पिछले कुछ वर्षों में ठाणे शहर के भौगोलिक विस्तार और आबादी में राजस्थानी समाज की लोक संख्या का भी विस्तार बड़ी संख्या में हुआ है। ठाणे की लोक संख्या में अनुमानित 12 से 13 प्रतिशत राजस्थानी समाज रहता हैं। इसलिए योग्य एवं अभ्यासू कार्यकर्ताओं को मनपा के चुनाव में उम्मीदवारी देने के संदर्भ में आज एक पत्रकार परिषद के माध्यम से भाजपा व शिवसेना (शिंदे गुट) के चुनावी पदाधिकारी के शीर्ष नेतृत्व से यह मांग की गई की वर्षों से राजस्थानी समाज के कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक पार्टी में कार्य कर रहे हैं सेवा दे रहे हैं। ऐसे कम से कम 4 से 5 उम्मीदवार तय करके जिसको पार्टी योग्य समझे प्रभागौ का आकलन करके मौका देना चाहिए।दोनों संस्था के अध्यक्षों ने गत 30 मार्च 2025 को राजस्थान दिवस के उपलक्ष में रेमंड्स ग्राउंड पर आयोजित राजस्थान महोत्सव के विशाल कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक निरंजन डावखरे, राजस्थान के शहरी आवास एवं विकास मंत्री झाबसिंह खर्रा सहित ठाणे, मुंबई के तमाम राजस्थानी समाज के समाज सेवक, व्यवसाई ,उद्योगपति बड़ी संख्या में राजस्थानी समाज का जन समुदाय की उपस्थिति में आयोजन के दौरान किए गए एक स्वर में वादे को बड़ी ही विनम्रता पूर्वक याद दिलाते हुए आग्रह किया कि भाजपा ,शिवसेना से 4 से 5 योग्य उम्मीदवारों को प्रभागो की रचना के अनुसार मौका दिया जाए।

## विदेश में नौकरी के नाम पर 190 युवाओं को ठगा, आठ गिरफ्तार

**मुंबई.** रूस, दक्षिण कोरिया और तुर्किये में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 190 युवाओं से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। समता नगर पुलिस ने इस मामले में आठ ठगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित युवा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के रहने वाले हैं। आरोपियों ने कांदिवली पूर्व में कार्यालय खोलकर सोशल मीडिया के जरिये युवाओं को फंसाया था। उन्होंने प्रत्येक पीड़ित से पासपोर्ट ले लिए और ढाई-ढाई लाख रुपये वसूले। काम न होने पर जब पीड़ित कार्यालय पहुंचे, तो वह बंद मिला। इसके बाद पीड़ितों ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से गुहार लगाई। मंत्री के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया। पीड़ितों के दस्तावेज बरामद कर लिए गए हैं।

ठगी का शिकार हुए कई लोगों ने विदेश जाने के लिए अपनी जमीन और जेवर तक बेच दिए थे।

## आम सूचना

मैं श्री जगदीश मेंघराजमल मोहिनाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, सामने सोनारा हॉल, 396 चौ.फुट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 14बीआय015661000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती निशा प्रकाश उदासी अल्यास मिस नैना मेंघराजमल मोहिनाणी व श्री मुकेश मेंघराज मोहिनाणी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 18.12.2025 सी.नं. 34/516 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री जगदीश मेंघराजमल मोहिनाणी**

## आम सूचना

मैं श्री जगदीश मेंघराजमल मोहिनाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 504, साई दृष्टी अपार्टमेंट, बैरक नं. 262, रुम नं. 1,2 और 3, पीछे झूलेलाल मंदिर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 18बीआय17675200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती निशा प्रकाश उदासी अल्यास मिस नैना मेंघराजमल मोहिनाणी व श्री मुकेश मेंघराज मोहिनाणी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 18.12.2025 सी.नं. 34/517 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री जगदीश मेंघराजमल मोहिनाणी**

## नोरा फतेही की कार का हुआ जोरदार एक्सीडेंट

- **सिर में आई चोट के बावजूद दी परफॉर्मेंस**

नोरा फतेही की कार का शनिवार दोपहर को जोरदार एक्सीडेंट हो गया। इस एक्सीडेंट में नोरा फतेही के सिर में चोट आई है। बावजूद इसके नोरा फतेही ने शनिवार शाम को एक कॉन्सर्ट में परफॉर्मेंस दी है। नोरा फतेही डेविड गुएटा के कॉन्सर्ट में शामिल होने के लिए सनबर्न फेस्टिवल जा रही थीं। तभी एक तेज रफ्तार कार चला रहे नशे में धुत शख्स ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मारी। नोरा ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि ये घटना दोपहर 3 बजे हुई है। शख्स ने नोरा की कार को टक्कर मारने के अलावा भी कई लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे कई लोगों को चोट आई हैं। इस टक्कर से नोरा फतेही के सिर पर चोट आई है। नोरा को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका सीटी स्कैन हुआ है। जांच में सामने आया है कि नोरा को कोई गंभीर चोट नहीं लगी हैं।

एक्सीडेंट की खबर आने के ठीक बाद नोरा का सनबर्म में दी गई परफॉर्मेंस का वीडियो सामने आया है। एक्सीडेंट के बाद नोरा ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने कहा, मैं आप से कहना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मेरा दोपहर में एक सीरियस एक्सीडेंट हुआ है। एक शराबी ने शराब के नशे में मेरी कार को टक्कर मारी। दुर्भाग्य से इम्पैक्ट बहुत ज्यादा था, मेरा सिर विंडो पर जाकर लगा। कोई बात नहीं। मैं जिंदा हूं और ठीक हूं, बस कुछ छोटी चोटों के अलावा। स्वेलिंग है। मैं ठीक हूं। मैं बहुत ग्रेटफुल हूं क्योंकि कुछ बड़ा हो सकता था।



## ड्रग्स प्रकरण में तेजस पाटिल को तड़ीपार करने का प्रस्ताव

**ठाणे.** भिवंडी में ड्रग्स और गुटखा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग के बीच गुटखा फैक्ट्री मामले के मुख्य आरोपी तेजस रामदास पाटिल को तड़ीपार करने का प्रस्ताव चर्चा में आ गया है। गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि के बावजूद आरोपी का खुलेआम घूमना और चुनावी तैयारी करना, पुलिस व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।भिवंडी परिसर में ड्रग्स और गुटखा के अवैध कारोबार ने भयावह रूप ले लिया है। लगातार पुलिस कार्रवाई के बावजूद अवैध ट्रांसपोर्ट पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा। कई मामलों में आरोपी जमानत पर बाहर आकर दोबारा उसी धंधे में सक्रिय नजर आ रहे हैं।

इस गंभीर मुद्दे को भिवंडी के विधायक रईस शेख ने विधानसभा अधिवेशन में उठाया था। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा था कि भिवंडी अब ड्रग्स और गुटखा ट्रांसपोर्ट का बड़ा ट्रांजिट पॉइंट बन चुका है। गुजरात से आने वाले गुटखा लदे वाहनों को भिवंडी में पकड़कर चोरी के मामले दर्ज किए जाते हैं।

पोगांव क्षेत्र में पकड़ी गई गुटखा फैक्ट्री के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई और आरोपी बेल पर बाहर घूमते रहे।इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन में स्वीकार किया था कि मौजूदा कानूनों के चलते आरोपियों को आसानी से जमानत मिल जाती है। उन्होंने कानून को और सख्त करने तथा कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

## नोटीस

### तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर यांचे न्यायालय, गांधी रोड, उल्हासनगर-5

दुरध्वनी क्र. 02512530568 ई-मेलः tahulhasnagar@gmail.com

1. श्रीम. ज्योती संतोष तिवारी — **अर्जदार**
   रा. संभाजीनगर कमला नेहरू नगर
   धोबीघाट, ता. उल्हासनगर, जि. ठाणे

**विरुध्द**

2. निबंधक तथा निवासी वैद्यकिय अधिकारी — **सामनेवाला**
   जिल्हा शल्यचिकित्सक, मध्यवर्ती रुग्णालय
   उल्हासनगर-3, जि.ठाणे

**तमाम जनतेस सदर नोटीसीव्दारे सुचीत करण्यात येते आहे के येणेप्रमाणे**

1. उपरोक्त अर्जदार श्रीम. ज्योती संतोष तिवारी यांच्या मुलाचा कु. जयांशु संतोष तिवारी यांचा जन्म उल्हासनगर येथे दिनांक 25/04/2023 रोजी झालेला आहे अर्जदाराकडून काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर जन्म नोंद, निबंधक तथा निवासी वैद्यकिय अधिकारी, जिल्हा शल्यचिकित्सक मध्यवर्ती रुग्णालय, उल्हासनगर-3 दप्तरी करुन जन्म दाखला प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता अर्जदार यांना जन्म दाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर यांचेकडून आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र. 81/2025 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 15 दिवसांच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी, वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे त्यांचा जन्म नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल

**आज दिनांक 19/12/2025 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली असे.**

शिक्का

हुकुमावरुन

**सही/-**
**(कल्याणी कदम)**
तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी
उल्हासनगर


**Staff Required**

**SINDHI MALE**



Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT : **MR. RAJESH**

**Mob. No. : 9307579475**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099